जहाँ ले चलोगी वही मैं चलूँगा,
उंगली पकड़ के माँ,
उंगली पकड़ के माँ,
संग संग रहूँगा,
जहाँ ले चलोगी वही मैं चलूँगा।।

दु:ख में भी तुम माँ,
सुख में भी तुम माँ,
नहीं कोई गम मुझको,
जब तुम संग माँ,
जहाँ में किसी से ना,
जहाँ में किसी से ना,
शिकवा करूँगा,
जहाँ ले चलोगी वही मैं चलूँगा।।

मुझे सत्य राहों पे,
चलना सिखाया,
सहारा दे बाहों का,
सम्भलना सिखाया,
सदा दिल की बातें माँ,
सदा दिल की बातें माँ,
तुम्ही से करूँगा,
जहाँ ले चलोगी वही मैं चलूँगा।।

मैं हूँ आज जो भी,
तेरी माँ बदौलत,
तुम्ही मेरी दुनिया हो,
तुम्ही मेरी दौलत,
कहे अजित तेरा था,
कहे अजित तेरा था,
हूँ और रहूँगा,
जहाँ ले चलोगी वही मैं चलूँगा।।

जहाँ ले चलोगी वही मैं चलूँगा,
उंगली पकड़ के माँ,
उंगली पकड़ के माँ,
संग संग रहूँगा,
जहाँ ले चलोगी वही मैं चलूँगा।।

Singer Ajit Minocha

Source:
https://www.bharattemples.com/jahan-le-chalogi-wahi-main-chalunga-mata-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw